# विश्व कविता दिवस पर बहुभाषी कवि सम्मेलन

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** विश्व कविता दिवस के मौके पर साहित्य अकादमी की ओर से बहुभाषी कवि सम्मिलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिल्ली स्थित कार्यालय के अलावा क्षेत्रीय कार्यालयों में भी किया गया। अकादमी सभागार में आयोजित बहुभाषी कवि सम्मेलन में ओ.पी. झा (अंग्रेजी), सुदीप्ति (हिन्दी), देव शंकर नवीन (मैथिली), प्रभजौत कौर (पंजाबी), भागीरथि नंद (संस्कृत), काशुनाथ सोरेन (संताली) तथा इमरान अजीम (उर्दू) ने सहभागिता की तथा अपनी-अपनी कविताएं हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रस्तुत कीं। पठित कविताओं में व्यक्ति, परिवार, समाज, संस्कृति से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं की सार्थक अभिव्यक्ति को उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने हृदय से सराहा। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में देवशंकर नवीन ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से यह बात पुनः पुष्ट हुई है कि भिन्न भाषाओं में लिखे जाने के बावजूद भारतीय कविता का स्वर भिन्न नहीं है।